गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ. ग.)

GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (C.G.)

(A Central University established by the Central Universities Act, 2009 No.25 of 2009)

Tel: 07752-260000, 260003, Fax: 07752-260154

Website: www.ggu.ac.in Email:

क्रमांक 733 / परीक्षा / 2023 बिलासपुर, दिनांक 16-03-2023

कार्यालयीय ज्ञाप

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों के अष्ठम एवं दशम सेमेस्टर एवं बी.फार्मा –अष्ठम सेमेस्टर, सत्र 2022–23 के नियमित एवं ए.टी.के.टी.(फार्मेसी –सप्तम सेमेस्टर सहित) छात्र–छात्राओं के लिये परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने हेतु तिथियॉ निम्नानुसार घोषित की जाती हैः–

1. बिना विलम्ब शुल्क के साथ– **दिनांक 17/03/2023 से दिनांक 25/03/2023 तक**
2. विलम्ब शुल्क रूपये 100 के साथ– **दिनांक 26/03/2023 से 29/03/2023 तक**
3. दिनांक 30/03/2023 से अतिरिक्त विलम्ब शुल्क रूपये 100 प्रतिदिन के साथ परीक्षा प्रारंभ होने के तीन दिन पूर्व तक परीक्षा आवेदन पत्र जमा किये जाने की अनुमति दी जावेगी।
4. विभाग द्वारा परीक्षा विभाग में रोल लिस्ट/सूची0 जमा करने की अंतिम तिथि– **दिनांक 31 /03/2023 तक**

1) उक्त परीक्षा हेतु आवेदन पत्र **समर्थ पोर्टल** पर पूर्व की तरह ही भरे जायेंगे। **आनलाईन (Online)** परीक्षा आवेदन पत्र भरने का लिंक https//ggv.samarth.edu.in है। छात्र/छात्राएं अपना परीक्षा आवेदन पत्र उक्त निर्धरित अवधि में भरने के बाद संबंधित अंकसूचियॉ, परीक्षा शुल्क जमा किये जाने संबंधी रसीद के साथ हार्डकापी मे अपने विभागाध्यक्ष के पास जमा करेंगे।

2) छात्र/छात्राए ए.टी.के.टी. परीक्षा में बैठने की पात्रता रखते हो, ऐसे छात्रों को अलग से परीक्षा शुल्क रूपये 200/– (रूपये दो सौ) Online के माध्यम से जमा करने होंगे, जिसका उल्लेख परीक्षा आवेदन पत्र में यथा उचित स्थान पर करना अनिवार्य होगा। परीक्षा शुल्क का रसीद आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र विभागाध्यक्ष द्वारा निरस्त कर दी जायेगी।

3) यदि उक्त सेमेस्टर के ए.टी.के.टी छात्र/छात्राओं को आनलाईन (Online) परीक्षा आवेदन पत्र भरने में परेशानी हो तो अपने विभागाध्यक्ष अथवा परीक्षा विभाग के श्री कृष्ण कुमार राय (मोबाईल नं. 9340990639) पर कार्यालयीन दिवस/ कार्यालयीन समय पर सम्पर्क करेंगे। परीक्षा आवेदन पत्र भरने में परेशानी का निराकरण नही हो पाने की स्थिति में परीक्षा नियंत्रक से संपर्क कर सकते है।

4) यू.जी. के मुख्य/ए.टी.के.टी. आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित तिथि में जमा करने के पश्चात् किसी छात्र/छात्रा के द्वारा गलत विषय चयन करने के कारण विषय संबंधी सुधार की कार्यवाही करनी हो तो परीक्षा प्रारंभ होने के तीन दिन पूर्व तक रूपये 500 (रूपये पॉच सौ) प्रति विषय संशोधन शुल्क देय होगा। इस संबंध में पूर्व में वि.वि. आदेश कमांक 230/परीक्षा/2023 बिलासपुर, दिनांक 12/03/2022 प्रसारित किया जा चुका है।

टीपः–

1) जो छात्र परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित समय में आनलाईन नही भरेंगे, ऐसे छात्रों का प्रवेश पत्र मुद्रित नही होगा, **बिना प्रवेश पत्र के ऐसे छात्र/छात्रा को परीक्षा में बैठने की अनुमति नही होगी।**
छात्रों से अनुरोध है कि वे अपना आनलाईन (Online) परीक्षा आवेदन पत्र अंतिम तिथि से पूर्व भरना सुनिश्चित करें, अंतिम समय का इंतजार ना करें।

2) उक्त सभी परीक्षाएँ विश्वविद्यालय अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार आयोजित होंगी।

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक
16/03/23

पृ. क्रमांक 734 / परीक्षा / 2023 बिलासपुर, दिनांक 16-03-2023

प्रतिलिपि–

1. कुलपति / कुलसचिव के निज सहायक / शीघ्रलेखक की ओर मा. कुलपति / कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिष्ठाता, समस्त अध्ययन शालाओं की ओर सूचनार्थ।
3. **समस्त विभागाध्यक्ष की ओर इस आशय के साथ सूचनार्थ कि सभी अध्ययनरत छात्रो को इस कार्यालयीन ज्ञाप से समय पर अवगत कराये और जो छात्र / छात्रा परीक्षा में बैठने की पात्रता रखते हो सिर्फ ऐसे छात्र / छात्रा का नाम, परीक्षा शुल्क, प्रश्न पत्र सत्यापित कर निर्धारित समय तक परीक्षा विभाग में छात्र / छात्राओं की सूची / रोल लिस्ट भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।**
4. वित्ताधिकारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण की ओर सूचनार्थ।
6. प्रभारी– गोपनीय / सहायक कुलसचिव (वित्त / भण्डार / अकादमी / गोपनीय की ओर सूचनार्थ / मीडिया प्रभारी, गु.घा.विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
7. वेबसाईट प्रभारी, परीक्षा विभाग की ओर वेबसाईट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/3/2023

उप कुलसचिव (परीक्षा)